## एक नजर में

### फोरम ने नए निर्देश का किया विरोध

**भोपाल**, 20 मार्च. यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) द्वारा जारी उस निर्देश पर कड़ा विरोध जताया है, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को स्केल चार और उससे ऊपर के अधिकारियों के लिए परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) लागू करने को कहा गया है.

एक प्रेस विज्ञप्ति में यूएफबीयू ने कहा कि 18 मार्च को जारी यह निर्देश समय से पहले उठाया गया कदम है, क्योंकि यह मुद्दा अभी मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) के समक्ष सुलह प्रक्रिया में लंबित है.

### खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से कार भिड़ी, दो की मौत


**अनूपपुर**. जिले में सड़क किनारे खड़े बिना इंडिकेटर के एक ट्रेक्टर ट्रॉली से एक कार टकरा गई, जिससे दो लोगों की मौत हो गई. हादसा कल देर शाम कोतमा थाना क्षेत्र में हुआ. एनएच 43 पर शहडोल से मनेन्द्रगढ़ जा रही कार वहां खड़ी एक ट्रेक्टर ट्रॉली में घुस गई, जिससे कार पलट गई. कार में सवार दो यात्रियों दुलारे शर्मा (45) और गीता पनिका (44) की मौत हो गई. पुलिस सूत्रों के अनुसार कार में सवार 2 अन्य यात्री हरिशंकर चतुर्वेदी (62) और मीना देवांगन (34) गम्भीर रूप से घायल हो गए.

### आज होंगे दिन-रात बराबर

**उज्जैन**. खगोलीय घटना के तहत आज 21 मार्च को सूर्य को विषुवत रेखा पर लंबवत होने के कारण दिन और रात बराबर होंगे. उज्जैन स्थित शासकीय जीवाजी वेधशाला के अधीक्षक डॉ राजेंद्र प्रकाश गुप्त ने बताया कि सूर्य के चारों ओर पृथ्वी के परिक्रमण के कारण सूर्य हमको कर्क रेखा से मकर रेखा के बीच गति करता हुआ दृष्टिगोचर होता है. इस वर्ष 21 मार्च को सूर्य विषुवत रेखा पर लंबवत रहेगा इसे वसंत सम्पात कहते हैं. सूर्य की विषुवत रेखा पर लंबवत होने के कारण दिन-रात 12-12 घंटे के होते हैं. उन्होंने बताया कि 21 मार्च के बाद सूर्य उत्तरी गोलार्ध एवं मेष राशि में प्रवेश करेगा और इसी दिन सूर्य की क्रांति शून्य अंश 15 कल उत्तर होगी तथा मेष राशि में सूर्य शून्य 39 कला 5 विकल पर होगा

# रानी अवंतीबाई का बलिदान अविस्मरणीय

**भोपाल, 20 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश वीरांगनाओं की धरती है. रानी दुर्गावती से लेकर रानी कमलापति और रानी अवंतीबाई तक हमारी लोकनायिकाओं और वीरांगनाओं ने विदेशी आक्रांताओं के छक्के छुड़ा दिए थे.**



मातृभूमि की रक्षा के लिए रानी अवंतीबाई ने जो बलिदान दिया, वह सदियों-सदियों तक अविस्मरणीय रहेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को रानी अवंतीबाई के बलिदान दिवस के अवसर पर डिंडोरी जिले में आयोजित कार्यक्रम को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे. डॉ. यादव ने रानी अवंतीबाई के अटल साहस और अमर त्याग को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए उनकी स्मृति में डिंडोरी में एक करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित भव्य संग्रहालय का लोकार्पण भी किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संग्रहालय हमें रानी अवंतीबाई के बल और बलिदान की याद दिलाता रहेगा.

इस संग्रहालय में उनकी फोटो गैलरी और उनके शस्त्र हमारी आने वाली पीढ़ियों को युगों-युगों तक प्रेरित करते रहेंगे. मुख्यमंत्री ने कहा कि हम विरासत से विकास की ओर बढ़ते हुए अपने नायकों के पराक्रम को भी याद कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि रानी अवंतीबाई का जन्म तत्कालीन सिओनी (वर्तमान सिवनी) जिले के मनकेहणी गांव में हुआ था. कहते हैं कि रणभूमि में उनकी तलवार जब चलती थी, तो अंग्रेजों के हौसले पस्त हो जाते थे.

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव जयपुर में उद्योग जगत के साथ औद्योगिक निवेश पर करेंगे संवाद

मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमता को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में मजबूती से स्थापित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21 मार्च को जयपुर के आईटीसी राजपूताना में इंटरएक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश में उद्योग जगत के शीर्ष प्रतिनिधियों के साथ निवेश पर विस्तृत चर्चा करेंगे. इस सेशन में राज्य की नीतिगत स्पष्टता, प्रशासनिक तत्परता और निवेश समर्थक दृष्टिकोण को देश के प्रमुख औद्योगिक समूहों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा. जयपुर में होने वाले सेशन में मध्यप्रदेश की औद्योगिक नीति, क्षेत्रवार प्रोत्साहन, विकसित औद्योगिक क्षेत्रों की उपलब्धता, अधोसंरचना विस्तार, लॉजिस्टिक नेटवर्क, कौशल विकास तंत्र और त्वरित स्वीकृति प्रणाली का समग्र प्रस्तुतीकरण किया जाएगा. प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राघवेन्द्र कुमार सिंह राज्य में उपलब्ध निवेश अवसरों की विस्तृत जानकारी देंगे. कार्यक्रम में प्रमुख औद्योगिक समूहों के प्रतिनिधि भी अपने विचार रखेंगे.



# प्रदेश में अनेक जगह बारिश

### 42 जिलों में बदला मौसम

### 14 जिलों में ओलावृष्टि से फसलें प्रभावित

**भोपाल, 20 मार्च. मध्य प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट लेते हुए किसानों और आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है. साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की सक्रियता के कारण प्रदेश के 42 जिलों में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि दर्ज की गई.**

पिछले 24 घंटों के दौरान 112 शहरों और कस्बों में बारिश हुई, जिससे मौसम ठंडा हो गया और कई जगहों पर हालात बिगड़ गए. इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन, सागर और जबलपुर समेत कई बड़े शहरों में बारिश दर्ज की गई. सबसे अधिक वर्षा धार जिले के बदनावर और बैतूल के घोड़ा डोंगरी में करीब पौन इंच हुई, जबकि बड़वानी, सेंधवा, भोपाल और दमोह में आधा इंच या उससे अधिक पानी गिरा.

तेज हवाओं ने भी असर दिखाया. आगर-मालवा में 74 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं, जबकि सीहोर, बड़वानी और नरसिंहपुर में भी तेज आंधी दर्ज की गई. कई शहरों में 35 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चली, जिससे पेड़ गिरने और आवागमन प्रभावित होने की खबरें सामने आईं.

बारिश के चलते तापमान में भी गिरावट आई है. हिल स्टेशन पचमढ़ी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. इंदौर में 15 डिग्री और भोपाल में 16.6 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ.

14 जिलों में ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. मंदसौर, शिवपुरी, आली राजपुर, बड़वानी, बैतूल, झाबुआ, खंडवा, आगर-मालवा, विदिशा, छिंदवाड़ा, दमोह, सिवनी और छतरपुर में ओले गिरने से खड़ी फसलें बर्बाद हो गईं.





# उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने इंडियन हैबिटैट सेंटर का किया अवलोकन

**भोपाल 20 मार्च. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नई दिल्ली में इंडियन हैबिटेट सेंटर का अवलोकन किया.**

उन्होंने परिसर के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की. इस अवसर पर सेंटर के निदेशक तथा माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु के. जी. सुरेश भी उपस्थित थे. उन्होंने परिसर के संचालन और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी.

# रियल एस्टेट कारोबारी को गैंगस्टर के नाम पर धमकाकर मांगे 15 करोड़

## फोन कॉल कर लॉरेंस विश्नोई का गुर्गा बताकर मांगी फिरौती

**इंदौर. साउथ तुकोगंज क्षेत्र में एक रियल एस्टेट कारोबारी को कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई के नाम पर फोन से धमकी देकर 15 करोड़ रुपए की मांग किए जाने का मामला सामने आया है. शिकायत के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि शहर के एक कारोबारी संजय जैन को गुरुवार को एक कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाले ने अपने आप को लॉरेंस विश्नोई गैंग का गुर्गा हेरी बॉक्सर बताते हुए 15 करोड़ रुपए देने को कहा, नहीं देने पर अन्जाम भुगतने की धमकी दी गई. कारोबारी द्वारा कॉल कट करने के बाद उनके मोबाइल पर वॉयस मैसेज भेजा गया, उसमें भी आरोपी ने खुद को गैंग से जुड़ा बताते हुए हेरी बॉक्सर नाम बताकर रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई. पीड़ित ने मामले की शिकायत क्राइम ब्रांच में की थी, जिसके बाद प्रकरण तुकोगंज थाना पुलिस को सौंपा गया. वहीं, एडिशनल डीसीपी क्राईम ब्रांच राजेश दंडोतिया का कहना है कि शहर सहित अन्य जिलों में भी इस तरह की धमकियों की जानकारी मिल रही है. ऐहतियात के तौर पर कारोबारी को सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है. पुलिस कॉल और वॉयस मैसेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है.

# युवा विकसित राष्ट्र बनाने के ध्वजवाहक

## मंत्री सारंग राज्य स्तरीय समापन कार्यक्रम में हुए सम्मिलित

**भोपाल, 20 मार्च. सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग शुक्रवार को मध्यप्रदेश विधानसभा परिसर स्थित मानसरोवर भवन में आयोजित विकसित भारत युवा संसद 2026 प्रतियोगिता के राज्य स्तरीय समापन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए.**



इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए युवा प्रतिभागियों से संवाद किया एवं उनके विचारों की सराहना कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया. कार्यक्रम में प्रदेश के 54 जिलों से चयनित 270 युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से शीर्ष 3 प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे.

मंत्री सारंग ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह मंच केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए विचारों की ऊर्जा का केंद्र है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रमुख ध्वजवाहक हैं. विकसित भारत 2047 का संकल्प तभी साकार होगा, जब युवा संस्कारित, अनुशासित और जिम्मेदार होंगे.

# समाज में सक्रिय भूमिका निभाएं मोर्चा पदाधिकारी

### हर बूथ जीतने का लक्ष्य लेकर पार्टी संगठन के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं

**भोपाल, 20 मार्च. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा की परिचयात्मक बैठक को संबोधित किया.**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री खण्डेलवाल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा संगठन को और मजबूत करने समाज में मोर्चा पदाधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएं. भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता हर बूथ को जीतने का लक्ष्य लेकर पार्टी संगठन के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं. बैठक को मोर्चा प्रभारी मनोरंजन मिश्रा व मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने भी संबोधित किया. इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ भी उपस्थित रहे.

### डॉ. अंबेडकर की जयंती पर 13 से 19 अप्रैल तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी प्रदेश भर में भ्रमण कर बूथ स्तर पर मोर्चा संगठन को बुलंदियों तक पहुंचाने का कार्य करें. गांव-गांव, घर-घर संपर्क कर बताएं कि भाजपा संगठन और सरकार आपके लिए क्या कार्य कर रही है. संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 13 से 19 अप्रैल तक दीप प्रज्वलन, संगोष्ठी, स्वच्छता अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों का प्रदेश भर में आयोजन किया जाएगा.

# आयुष विभाग की कर्मचारी का पति 10 हजार रिश्वत लेते धराया

- सेवानिवृत्त कर्मचारी से पेंशन और अन्य भुगतान कराने के बदले ले रहा था घूस



**इंदौर.** सेवानिवृत्त कर्मचारी के पेंशन और अन्य देयकों के भुगतान के नाम पर रिश्वत लेने के मामले में लोकायुक्त पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आयुष विभाग की सहायक ग्रेड-2 के पति को 10 हजार रुपए लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. मामले में महिला कर्मचारी की भूमिका भी सामने आने पर उसके खिलाफ भी प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है.

लोकायुक्त अधिकारी सचिन पटेरिया ने बताया कि पेटलावद में रहने वाले 63 वर्षीय सेवानिवृत्त कम्पाउंडर कमल सिंह ठाकुर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली पेंशन, ग्रेच्युटी, अर्जित अवकाश और समयमान वेतनमान के बिल तैयार कर कोषालय से भुगतान कराने के एवज में 12 हजार रुपए की मांग की जा रही है. शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई की योजना बनाई. आरोप है कि सहायक ग्रेड-2 रत्नाप्रेम पंवार ने रिश्वत लेने के लिए अपने पति नरेन्द्र पंवार को भेजा. राजगढ़ चौराहा, झाबुआ पर जैसे ही आवेदक ने 10 हजार रुपए दिए, टीम ने नरेन्द्र पंवार को रंगे हाथों पकड़ लिया. कार्रवाई लोकायुक्त इंदौर इकाई ने पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय के निर्देशन और डीआईजी मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में की. आरोपी पति-पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है.

# प्रदेश कांग्रेस ने नियुक्त किए 77 ब्लॉक अध्यक्ष

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 20 मार्च. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर पार्टी ने संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से इंदौर शहर जिला कांग्रेस कार्यकारिणी के साथ 77 ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की है.**

जानकारी देते हुए संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले ने बताया कि इन नियुक्तियों का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त करना और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करना है. उन्होंने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ आम जनता की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे.

डॉ. कामले ने कहा कि इंदौर में संगठनात्मक विस्तार से कांग्रेस को और मजबूती मिलेगी तथा बूथ स्तर तक संगठन को सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे बेहतर समन्वय और जनसंपर्क सुनिश्चित हो सके.

उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे तथा क्षेत्र में संगठनात्मक एकता और मजबूती को बढ़ावा देंगे.

# हरसिद्धि पाल से रामघाट तक होगा सड़क चौड़ीकरण

- 50 मकान-दुकान जद में आएंगे
- महाकाल की सवारी और सिंहस्थ व्यवस्था के लिए बड़ा फैसला

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन. क्षिप्रा तट पर स्नान के मद्देनजर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, ऐसे में सड़क चौड़ीकरण का बड़ा प्लान बनाया गया है, जिसमें मुंबई वाले की धर्मशाला क्षेत्र से ही रामघाट का दृश्य स्पष्ट दिखाई देने लगेगा. इससे श्रद्धालुओं के लिए आवागमन आसान होगा, स्नान और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए पर्याप्त स्थान मिलेगा और बाबा महाकाल की सवारी के दौरान रामघाट पर होने वाला पूजन भी अधिक व्यवस्थित तरीके से हो सकेगा.**

सिंहस्थ 2028 में लगभग 30 करोड़ श्रद्धालुओं के उज्जैन आने की संभावना जताई जा रही है. ऐसे में यह योजना साधु-संतों, श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों के लिए बड़ी राहत साबित हो सकती है. हालांकि, वर्षों से यहां रह रहे मकान-दुकान मालिकों के सामने अब नए विकल्प तलाशने की चुनौती भी खड़ी हो गई है.

**रहवासियों में मचा हड़कंप** -नोटिस मिलने की खबर फैलते ही क्षेत्र के रहवासियों और व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई है. कई लोग अपने निर्माणों के भविष्य को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं, वहीं प्रशासन का कहना है कि सभी प्रभावितों को नियमानुसार विकल्प और मुआवजा देने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी.

**किसी को मुआवजा किसी को एफएआर** -सेंट्रल लाइन से 4.30 मीटर के भीतर आने वाले मकान-दुकानों के लिए एफएआर और टीडीआर की सुविधा दी जाएगी, जबकि 4.30 मीटर से अधिक हिस्से में प्रभावित निर्माणों को मुआवजा प्रदान किया जाएगा.



### महाकाल की सवारी और सिंहस्थ...

दरअसल, बाबा महाकाल की सवारी हर वर्ष शिप्रा तट तक पहुंचती है और सिंहस्थ के दौरान भी साधु-संतों की पेशवाई तथा करोड़ों श्रद्धालुओं का आवागमन इसी क्षेत्र से होता है. मौजूदा समय में यह सड़क कई स्थानों पर संकरी और भीड़भाड़ वाली है, जिससे धार्मिक आयोजनों और महाकाल की सवारी के दौरान व्यवस्थाएं चुनौतीपूर्ण हो जाती हैं. ऐसे में प्रशासन ने श्रद्धालुओं, संतों और स्थानीय रहवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सड़क चौड़ीकरण की नई योजना तैयार की है.

### 200 मीटर के नोटिस से हड़कंप

नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, पूर्व में किए गए सर्वे और एनजीटी प्रकरण के चलते हाईकोर्ट के निर्देशों के आधार पर नगर निगम ने 200 मीटर चौड़ीकरण के मुद्दे पर भी पृथक् से नोटिस बांटे गए हैं, जो एक अलग प्रक्रिया है, अभी इस मामले में चिंतन मंथन चल रहा है, स्थान स्तर पर चल रहा है. वहीं अगला डायरेक्शन आने के बाद इस पर निर्णय लिया जाएगा. यदि एनजीटी व हाई कोर्ट वाले विषय पर 200 मी का मामला आगे बढ़ा तो इधर की सूरत ही बदल जाएगी.

**दो झोन ने बांटे नोटिस**-झोन क्रमांक-2 और झोन क्रमांक-3 के तहत प्रभावित लोगों को नोटिस वितरित किए गए हैं. हरसिद्धि की पाल से लेकर प्रजापति धर्मशाला तक भी नोटिस बांटे गए हैं.

### प्रमुख धार्मिक मार्गों का स्वरूप बदलना शुरू

मोक्षदायिनी मां शिप्रा के तट पर वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियों ने अब शहर के प्रमुख धार्मिक मार्गों का स्वरूप बदलना शुरू कर दिया है. प्रशासन और नगर निगम ने हरसिद्धि की पाल से लेकर रामघाट तथा मुंबई वाले की धर्मशाला से मोढ़ की धर्मशाला तक सड़क चौड़ीकरण की योजना पर काम तेज कर दिया है. इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में मकान और दुकान वर्षों से बने हुए हैं, जिनमें से करीब 50 निर्माण सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे हैं.

**कार्यक्रम** कांग्रेस की विचारधारा भाईचारे और सामाजिक सद्भाव की : जीतू पटवारी

# धार्मिक नेता पंडित मोहित नागर कांग्रेस में शामिल



**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 20 मार्च. सुसनेर विधानसभा क्षेत्र (आगर जिला) से कथावाचक पंडित मोहित नागर शुक्रवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भोपाल स्थित मध्यप्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए.**

सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया की उपस्थिति में संपन्न हुआ. नवप्रवेशी साथियों का स्वागत करते हुए पटवारी ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा 'वसुधैव कुटुंबकम' पर आधारित है, जो आपसी सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश देती है. उन्होंने कहा कि पार्टी समाज में करुणा और समरसता स्थापित करने के लिए कार्य करती है. इस अवसर पर पंडित मोहित नागर ने कहा कि धर्म की बात करना और धर्म का पालन करना अलग-अलग बातें हैं. उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं, क्योंकि कांग्रेस जो कहती है, उसे निभाने का प्रयास करती है. उन्होंने भाजपा पर धर्म के नाम पर समाज को बांटने का आरोप लगाया और कहा कि उनका उद्देश्य लोगों में जागरुकता और सद्भाव फैलाना है.

मीडिया से चर्चा करते हुए पटवारी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पिछले 25 वर्षों में आदिवासी समुदाय के साथ लगातार अन्याय हुआ है. उन्होंने कहा कि सत्ता और प्रशासन की मिलीभगत से आदिवासियों की जमीनें छीनी गई हैं, जो संविधान की मूल भावना के खिलाफ है. उन्होंने बढ़ती बेरोजगारी, अधूरी कल्याणकारी योजनाओं और शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं के गिरते स्तर पर भी चिंता जताई. 'लाड़ली बहना' योजना पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि लाभ सीमित किया जा रहा है और सरकार जनहित के मुद्दों की बजाय केवल प्रचार में व्यस्त है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60